>

Title: Need to ensure supply of adequate quantity of coal to thermal power units in Uttar Pradesh.

**श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर):** मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश की तापीय विद्युत परियोजनाओं की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं। जहां बहुत सी विद्युत परियोजनाएं कोयले की कमी के कारण अपनी क्षमता से कम विद्युत उत्पादन कर रही है तथ नयी परियोजनाएं कोयले के अभाव में शुरू नहीं हो रही है। महोदय, कोयले की कमी के कारण प्रदेश में विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। यहां तक कि जो पूर्व में केन्द्र सरकार तथा कोयला कंपनियों से जो अनुबंध किये गये थे, सरकार की नयी नीति के कारण कोयले के आवंटन में कमी की जा रही है जो बिल्कुल ही अनुचित है। सरकार से आग्रह है कि उत्तर प्रदेश को उसकी तापीय विद्युत परियोजनाओं एवं जनसंख्या के आधार पर कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये।